G L BAJAJ GROUP OF INSTITUTIONS, MATHURA
(Approved by AICTE, CoA & Affiliated to Dr. APJAKTU, Lucknow)
National Highway # 2, Mathura-Delhi Road, Akbarpur, Mathura – 281406 (UP)

NOTICE

पत्रांक सं०: जी०एल०बी०/कु०सं०क/2020/60 दिनांक : 30.07.2020

सभी छात्र/छात्राओ को सूचित किया जाता है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020–21 से भारत/राज्य सरकार द्वारा छात्रवृत्ति योजना अर्न्तगत छात्रों के आधार नम्बर का ऑथेंटिकेशन (authentication) भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) से होने के पश्चात ही ऑनलाइन आवेदन किए जाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही आधार बेस्ड भुगतान की प्रक्रिया भी इस वर्ष से ही प्रारंभ की जाएगी। आधार बेस्ड भुगतान की प्रक्रिया के अंर्तगत विद्यार्थियों के आधार नम्बर से लिंक/सीडेड बैंक खाते में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (Scholarship and fee reimbursement) की धनराशि अंतरित की जाएगी। छात्रों का बैंक खाता जिस बैंक में खुला होगा वह बैंक पी०एफ०एम०एस० (Public financial management system) से मैप होना चाहिए। विद्यार्थियों के स्तर पर निम्नांकित कार्यवाही की जानी अनिवार्य है–

1) सभी छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध होना चाहिए। जिन छात्रों के पास आधार कार्ड नहीं है उन्हें प्रत्येक दशा में आधार कार्ड बनवा लेना चाहिए।
2) जिन छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध हैं, वे आधार कार्ड को अपने मोबाईल नम्बर एवं राष्ट्रीयकृत /ग्रामीण बैंक में खुले बैंक खातों से लिंक/सीड करा लेना चाहिए।
3) हाई स्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्रमें अंकित अपना नाम तथा अपने माता–पिता/पति के नाम के अनुरूप ही आधार कार्ड में अपना व माता–पिता का नाम अपडेट करा लेना चाहिए।
4) हाईस्कूल अंकपत्र प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि को आधार कार्ड में अपडेट करा लेना चाहिए। दोनो में एक ही जन्मतिथि अंकित होनी चाहिए।
5) आधार कार्ड में यदि लिंग (Gender) गलत है तो उसको शुद्ध करा लेना चाहिए। यदि कोई छात्र/छात्रा अपना आधार अपडेट नहीं कराता/कराती है तो इस वित्तीय वर्ष में छात्रवृत्ति का ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकेगा/सकेगी।
6) विद्यार्थियों द्वारा भरे गए आधार नम्बर, विद्यार्थी का नाम, पिता/पति का नाम, लिंग तथा जन्मतिथि का सत्यापन होने के पश्चात आधार नम्बर से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओ०टी०पी० भेजा जाएगा। उक्त ओ०टी०पी० को आवेदन पत्र में भरने के उपरांत ही आवेदन पत्र सबमिट किया जा सकेगा।

इसके अतिरिक्त इस वित्तीय वर्ष में Scholarship.up.nic.in के स्थान पर वेबसाइट परिवर्तित होकर Scholarship.up.gov.in हो गई है। अतः नयी वेबसाइअ का उपयोग करने का कष्ट करें।

30.07.2020
(रजिस्ट्रार)

प्रतिलिपि –

- निदेशक – सूचनार्थ हेतु
- विभागाध्यक्ष – सूचनार्थ एवं छात्र/छात्राओ को ई–मेल के माध्यम से सूचित करने हेतु प्रेषित।

www.glbajajgroup.org info@glbajajgroup.org registrar@glbajajgroup.org
Tel: 05662-241313 Fax : 05662-241315 Mobile: +917500100051